गृह मंत्रालय

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात के गिर सोमनाथ में विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित किया

## भारत को हर क्षेत्र में विकसित, सर्वप्रथम और आत्मनिर्भर सिर्फ 130 करोड़ भारतीय ही बना सकते हैं

## विकसित भारत का संकल्प मात्र एक शब्द नहीं है, बल्कि देश के करोड़ों गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का एक पुनीत विचार है

## यह 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' विकसित भारत के विचार को जनआंदोलन बनाने की यात्रा है

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के करोड़ों लोगों को मूलभूत सुविधाएं देकर इनके जीवन को बदलने का काम किया है

## यह यात्रा देश की हर पंचायत तक जाएगी और मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जागरूकता और उनका लाभ सभी तक पहुँचाने का काम करेगी

## मोदी जी का मानना है कि 2047 में एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत पूरी दुनिया का नेतृत्व करेगा और ऐसे भारत का निर्माण हम सभी को मिलकर करना है

## देश की आज़ादी के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर किया, उनके सपनों के भारत का निर्माण करना हमारी जिम्मेदारी है

Posted On: 01 DEC 2023 9:15PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात के गिर सोमनाथ में विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित किया।



अपने संबोधन में श्री अमित शाह ने कहा कि भारत की आज़ादी के 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं और जब हमारी आज़ादी के 100 वर्ष पूरे होंगे तब हर क्षेत्र में दुनिया में भारत सर्वप्रथम हो, ये संकल्प लेने का कार्यक्रम आज यहां हो रहा है। श्री शाह ने कहा कि भारत को हर क्षेत्र में विकसित, सर्वप्रथम और आत्मनिर्भर सिर्फ 130 करोड़ भारतीय बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आज की तरह ही देश के हर क्षेत्र में ये यात्रा जाएगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प जो हम सबने लिया है, यह संकल्प एक शब्द मात्र नहीं है, बल्कि देश के करोड़ों गरीबों को सबके बराबर लाने का एक पुनीत विचार है और इसमें हमें सबके संकल्प के बल को जोड़ना है।




केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज़ादी के अमृत महोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसके तीन उद्देश्य देशवासियों के सामने रखे थे। पहला, आजादी की लड़ाई के दौरान जाने-अनजाने सभी शहीदों को याद करना और युवा पीढ़ी को आज़ादी के इतिहास के साथ जोड़ना। दूसरा उद्देश्य था पिछले 75 वर्षों में देश द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों पर गौरव करना और उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना। तीसरा उद्देश्य था, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखना और उस पर गौरवान्वित महसूस करना। श्री शाह ने कहा कि आजादी के 75 सालों में एक विकसित भारत का संकल्प लेकर 75 से 100 साल तक के 25 सालों की यात्रा में सबके सामूहिक प्रयासों से भारत को विश्व में सर्वप्रथम बनाने का संकल्प लेना भी आज़ादी के अमृत महोत्सव का एक उद्देश्य था। उन्होंने कहा कि इस संकल्प की सिद्धि के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की कल्पना की है, जो देश की हर पंचायत तक जाएगी और मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जागरूकता और उनका लाभ सभी तक पहुँचाने का काम करेगी।



श्री अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2014 तक देश में करोड़ों लोग ऐसे थे जिनके पास घर,गैस कनेक्शन, शौचालय, पीने का पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं तक नहीं थीं और इन करोड़ों लोगों को हर सुविधा के लिए संघर्ष करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी ने संकल्प किया कि हर घर में बैंक खाता, गैस कनेक्शन, शौचालय, नल से जल होगा और हर व्यक्ति के स्वास्थ्य का 5 लाख रूपए तक का खर्च सरकार उठाएगी। श्री शाह ने कहा कि मोदी जी ने देश के करोड़ों लोगों को प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज मुफ्त दिया और इन करोड़ों लोगों को मूलभूत सुविधाएं देकर इनके जीवन को बदलने की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक बैंक खाता खुलने से कई तरह के फायदे हुए और अब देश के किसानों के खाते में सालाना 6 हज़ार रूपए केन्द्र सरकार द्वारा जमा कर दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि पिछली कई सरकारों ने सत्ता हासिल करने के लिए ऋण खत्म करने की बात की लेकिन मोदी जी ऐसी व्यवस्था कर दी कि किसान को ऋण ही ना लेना पड़े।



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों को समृद्ध करने के लिए उनकी उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि अभी भी हर स्थान पर इन सभी कल्याणकारी योजनाओं का 100 प्रतिशत सेचुरेशन नहीं आया है। उन्होंने कहा कि हर योजना का 100 प्रतिशत लाभ हर गरीब तक पहुंचना चाहिए। श्री शाह ने कहा कि विकसित भारत की कल्पना के दो हिस्से हैं- पहला हिस्साएक सुरक्षित, समृद्ध, शिक्षित भारत है जो पूरी दुनिया के उत्पादन का हब बने, यहां की सड़कें, इन्फ्रास्ट्रक्चर, रेल तंत्र आदि दुनिया में सबसे आगे हो। इसके साथ ही एक विकसित भारत का दूसरा हिस्सा है जहां देश के हर नागरिक के पास घर, पीने का पानी, गैस, शौचालय हो, 5 लाख तक की स्वास्थ्य की सुविधा और प्रति व्यक्ति 5 किलो मुफ्त अनाज मिले, तभी भारत विकसित हो सकता है। उन्होंने कहा कि करोड़ों लोगों को गरीब रखकर कोई देश विकसित नहीं हो सकता। श्री शाह ने कहा कि यह विकसित भारत संकल्प यात्रा एक विकसित भारत के विचार को जनआंदोलन बनाने की यात्रा है। उन्होंने कहा कि एक विकसित भारत का संकल्प बच्चों को अच्छे से पढाने, यूरिया का उपयोग किए बिना प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने और गांव के हर व्यक्ति के स्वास्थ्य को अच्छा रखने जैसे कदमों से पूरा होगा। श्री शाह ने कहा कि एक विकसित भारत के संकल्प को जनआंदोलन बनाने का काम देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी ने अपने हाथों में लिया है।



श्री अमित शाह ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल जी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सभी जनकल्याणकारी योजनाओ को हर व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने 5 लाख रूपए तक तक का आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड दिया, जिसे गुजरात सरकार ने 10 लाख रूपए तक का कर दिया। उन्होंने कहा कि मोदी जी का संकल्प एक ऐसे भारत का निर्माण करना है जहां कोई भी व्यक्ति बिना घर, बिजली, गैस, स्वास्थ्य सुविधाओं, पोषण, स्वच्छता के ना रहे। उन्होंने कहा कि मोदी जी का मानना है कि 2047 में एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत पूरी दुनिया का नेतृत्व करेगा और ऐसे भारत का निर्माण हम सभी को मिलकर करना है। उन्होंने कहा कि देश की आज़ादी के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर किया, उनके सपनों के भारत का निर्माण करना हमारी ज़िम्मेदारी है और इसे हमें अपने संकल्पबल से पूरा करना है। श्री शाह ने कहा कि एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए इस संकल्प यात्रा को प्रधानमंत्री मोदी जी 15 तारीख को शुरु किया और ये यात्रा पूरे देश के हर ज़िले में चल रही है। उन्होंने कहा कि एक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेकर हर व्यक्ति भारत की विकास यात्रा में जुड़े, हम सबको ये संकल्प लेना है।

*****

**आरके / आरआर / पीआर**

(Release ID: 1981751) Visitor Counter : 258

Read this release in: English